सड़क के किनारे अधर में लटका निकास नालियों का काम

भोटा व लंबलू मार्ग पर विभाग की अनदेखी से परेशान हो रहे लोग

रविंद्र ठाकुर। भोटा

हमीरपुर से लगभग 3 किमी दूर भोटा व लंबलू मार्ग पर चल रहा निकासी नालियों का काम पिछले काफी समय से अधर में लटका पड़ा है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों, राहगीरों व छोटे बड़े वाहन चालकों को हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन आधी-अधूरी बनी नालियों के कारण इन सड़कों पर जाम लगना आम बात हो गई है, लेकिन विभाग की मानो तो इन नालियों का काम शुरू करवा कर दोबारा इस और ध्यान नहीं दिया। भोटा रोड़ स्थित दोसड़का से निकासी नालियों का पानी हथली खड्ड व डुग्घा की जमली खड्ड में डालने की व्यवस्था करते हुए, इन नालियों का काम शुरू तो करवा दिया गया लेकिन यह काम कब पूरा होगा,इस का जवाब किसी के पास मिलता दिखाई नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों महाजन राम, राम चंद कटोच, विक्रम,राजेश, निर्मला व सरोती देवी ने बताया इन निर्माणाधीन नालियों की जगह-जगह बिखरी सामग्री के कारण उनका सड़क पर चलना भी दूभर हो गया है। वहीं दर्जनों राहगीरों ने बताया कि सड़क के किनारे बिखरी बजरी के पत्थर वाहनों के टायरों के नीचे आने व उछलने के कारण लोगों को अकसर लगते रहते हैं। सड़क किनारे बिखरी रेत व बिखरी के लगे ढेरों से दो-पहिया चालक अकसर स्किड होकर फिसलते रहते हैं। वहीं बुजर्गों को भी चलने में काफी मुश्किल हो रही है, लेकिन संबंधित विभाग शायद किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में बैठा प्रतीत हो रहा है। वहीं टौणी देवी सबडिवीजन के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार पटियाल ने बताया कि इस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर दिया जाएगा।

◆ जगह–जगह बिखरी निर्माण सामग्री

ठेकेदार को देंगे दिशा-निर्देश : एसडीओ

दोसड़का से भोटा मार्ग पर बन रही निकासी नालियों के सड़क पर बिखरे मलबे के बारे में पूछे जाने पर लोनिवि के एसडीओ देवराज ने बताया कि इस दिशा में संबंधित ठेकेदार को जरूरी दिशा-निर्देश देकर मलबा उठाने के लिए अतिशीघ्र कह दिया जाएगा।

सड़क के किनारे खोदी गई नालियां व बिखरी पड़ी रेता-बजरी।

चरस तस्कर 3 दिन के रिमांड पर भेजा

हमीरपुर। हमीरपुर जिला के गहलियां के साथ लगते गांव गुलेला में पुलिस ने बुधवार देर रात शक के आधार पर युवक की तलाशी ली। इस दौरान उससे 509 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने युवक को वीरवार को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

चालान काटकर वसूले 13 हजार

बड़सर। बड़सर पुलिस ने यातायात नियमों उलंघन करने पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बड़सर पुलिस ने बड़सर व मैहरे में यातायात नियमों का उलंघन करने पर कार्रवाई करते हुए 7100 रुपये जुर्माना वसूल किया। बड़सर पुलिस ने दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग व बिना हेलमेट सफर कर रहे चालकों के 23 चालान किए। बिना सीट बेल्ट के 22 चालान, बस बिना कंडक्टर व बिना बर्दी के तीन चालान काटे। शराब पीकर वाहन चलाने बिना नंबर प्लेट व फर्स्ट एड बाक्स के नौ चालान काटे। इसके अलावा अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर का चालान करके 5100 रुपये जुर्माना बसूल किया। कोटपा के तहत नौ चालान करके 900 रुपये जुर्माना वसूल किया। उधर, डीएसपी बड़सर जसवीर सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का उलंघन व अवैध खनन करने वालों पर बड़सर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 हजार 100 रुपये जुर्माना वसूल किया है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाले वाहन चालकों व अवैध खनन करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

प्रशोत्तम राठौर एसबीआई से सेवानिवृत

टौणी देवी। गवारडू पंचायत के बाहल गांव के प्रशोत्तम राठौर स्टेट बैंक आफ इंडिया की टौणी देवी शाखा से वीरवार को वरिष्ठ सहायक के पद से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने बैंक में साढ़े 39 वर्ष अपनी सेवाएं प्रदान की। बैंक शाखा में पहले उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, उसके बाद घर पर आकर लोगों ने उन्हें बधाई दी। प्रशोतम राठौर ने बैंक की कई शाखाओं में अपनी सेवाएं प्रदान की तथा उनके उल्लेखनीय योगदान की याद किया गया।

बड़सर कॉलेज की प्राचार्य मीना सूद रिटायर

बड़सर। उपमंडल के तहत आने वाले राजकीय महाविद्यालय बड़सर की प्राचार्या मीना सूद शिक्षा विभाग में 35 वर्षों की सेवा देने के बाद वीरवार को सेवानिवृत्त हुईं। कालेज स्टाफ ने उन्हें विदाई पार्टी दी। मीना सूद ने 1988 से सरकाघाट कॉलेज से शिक्षा विभाग में कार्यभार शुरु किया था। मीना सूद 1991 में आरकेएमवी शिमला, कोटशेरा, सोलन, संजोली व अर्की कॉलेज में कैमिस्ट्री के प्रवक्ता के पद पर अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दीं। मीना सूद से 23 मई 2016 से बड़सर कॉलेज में प्राचार्य पद पर कार्यभार संभाला था।

नानक चंद ने दी 37 साल तक सेवाएं

बड़सर। उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध न्यास द्वारा संचालित विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय चकमोह के सीनियर असिस्टेंट नानक चंद जम्वाल 37 वर्षों की सेवाएं देने के बाद वीरवार को सेवानिवृत हुए। नानक चंद ने संस्था में 1981 से बतौर लिपिक कार्यभार संभाला था। वे समय समय पर न्यास की अन्य संस्थाओं में भी कार्यरत रहे। कालेज प्रशासन ने नानक चंद को स्मृति चिंह देकर संमानिक किया।

शाखा प्रबंधक हुए सेवानिवृत्त

नादौन। कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक नादौन के शाखा प्रबंधक किशोरी लाल शनिवार को अपने 28 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करके सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर बैंक की नादौन शाखा में उन्हें सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। इस दौरान शाखा प्रबंधक मुनीष मंडयाल ने किशोरी लाल के काय्रकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। किशोरी लाल ने अपने संबोधन में बताया कि उनकी प्रथम नियुक्ति मैहतपुर में हुई थी इसके बाद वह हमीरपुर, नादौन, धनेटा, ज्वालामुखी सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाए दे चुके हैं।

सुजानपुर के वरिष्ठ क्षेत्रीय कानूनगो रिटायर

सुजानपुर। राजस्व विभाग सुजानपुर में कार्यरत वरिष्ठ क्षेत्रीय कानूनगो बिहारी लाल वीरवार को सेवानिवृत हो गए। तहसील कार्यालय सुजानपुर में एक कार्यक्रम के तहत उन्हें विदाई दी गई। इस मौके पर तहसीलदार सुजानपुर अशोक पठानिया विभागीय कर्मी स्टाफ सदस्य के साथ -साथ बिहारी लाल के परिवारिक सदस्य मौजूद रहे। लगभग 36 वर्षों तक सेवाएं देने वाले बिहारी लाल को तहसीलदार सुजानपुर ने उपमंडल अधिकारी शिवदेव की ओर से एक सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया ।

तीन माह के बिल से झटका देगा विभाग

उपमंडल सुजानपुर के 14500 उपभोक्ताओं पर पड़ेगी मार

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर

एक तरफ विद्युत सप्लाई की आंख मिचौली और दूसरी तरफ 3 माह का इकट्ठा बिल। ऐसी ही स्थिति उपमंडल सुजानपुर के विद्युत उपभोक्ताओं को भुगतनी पड़ रहा है। इस तरह की कार्रवाई से विद्युत अनुभाग सुजानपुर के करीब 14500 उपभोक्ता इस दो तरफ मार से जूझ रहे हैं। विभाग ने 3 माह का इकट्ठा बिजली का बिल देने का मन बनाया है। पहले विभाग ने दावा किया था कि 2 माह का इकट्ठा बिजली का बिल उपभोक्ताओं से लिया जाएगा, लेकिन अब विभाग ने एक और झटका लगाते हुए 2 माह के बजाय 3 माह का इकट्ठा बिल देने का मन बनाया है यानी कि अब बिजली उपभोक्ताओं को 3 माह का इकट्ठा बिल अदा करना पड़ेगा। विभाग ने इसमें एक राहत देते हुए कहा है कि बिजली का बिल भुगतान 3 माह का इकट्ठा लिया जाएगा, लेकिन जो यूनिट उपभोक्ता ने एक माह में इस्तेमाल की होगी उसका अलग बिल दूसरे माह की यूनिट का अलग बिल और तीसरे माह की यूनिट का अलग बिल बनाया जाएगा ओर फिर तीनों माह के बिल को एक साथ गणना करके बिल लिया जाएगा, यानी कि विभाग ने 3 माह का बिल देने के साथ साथ उपभोक्ताओं को कुछ राहत भी दी है। 3 माह का इकट्ठा बिल भुगतान करने में सबसे ज्यादा परेशानी नौकरी पेशे और मजदूर दिहाड़ीदार वर्ग को उठानी पड़ेगी, क्योंकि इन लोगों ने प्रत्येक माह का बजट बनाया होता है जिसके मुताबिक यह पूरा महीना निकालते हैं। गौरतलब है कि सुजानपुर में विद्युत सप्लाई रोजाना लोगों को प्रभावित कर रही है। कभी किसी वार्ड में कभी मुख्य बाजार में कभी अन्य स्थान पर लगातार बिजली गुल रहने की समस्या देखने को मिल रही है विभाग ट्रांसफार्मर लगाने का हवाला देकर अपनी जान बचा रहा है, लेकिन लोगों के जुबान पर बिजली विभाग और सरकार के प्रति उदासीन रवैया है। उधर व्यापारी वर्ग जिनका काम ऑनलाइन फॉर्म भरने का है या फिर प्रिंटिंग करने का काम है और कुछ ऐसे दुकानदार जो बिजली के साथ ही अपना कार्य कर रहे हैं। उन्हें विद्युत सप्लाई के लगातार लग रहे लटके झटकों ने बेकार कर दिया है। सर्द मौसम होने के चलते विद्युत कट लोगों को लगातार परेशानी में डाल रहे हैं।

विभाग ने की सहयोग की अपील

इस बारे में विभाग के एसडीओ हेमराज ठाकुर ने बताया कि इस बार विद्युत बिल 2 के बदले 3 माह के इकट्ठे लिए जाएंगे। विद्युत सप्लाई सही करने के लिए लगातार विभाग कार्य कर रहा है। ट्रांसफार्मर फिट किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

सभी ऑनलाइन जमा करवाएं बिजली बिल

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं से विद्युत बिलों की अदायगी ऑनलाइन माध्यम से करने का आग्रह किया है। स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता, विद्युत वृत्त, हमीरपुर ई. संजय दीवान ने कहा है कि स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं को ऑनलाइन विद्युत बिल जमा करवाने की सुविधा प्रदान की गई है। उपभोक्ता को पहले हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड की वेबसाइट पर लॉग ऑन करना होगा। यहां पर रजिस्ट्रेशन या बिना रजिस्ट्रेशन विद्युत बिलों की अदायगी हो सकती है। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे ऑनलाइन माध्यम से अपना विद्युत बिल जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन अदायगी के माध्यम से जहां समय की बचत होती है। वहीं लाइनों में खड़े होकर बिल अदायगी से बचा जा सकता है। ऑनलाइन माध्यम से बिल अदायगी से जहां उपभोक्ता को लाभ मिलता है वहीं बोर्ड को भी सुविधा हो जाती है।

◆ बोर्ड ने उपभोक्ताओं से किया आह्वान

चंबोह में 62 पेटी अवैध शराब पकड़ी

भोरंज पुलिस ने बोलेरो के साथ दबोचे चार आरोपी

हिमाचल दस्तक। भरेड़ी

भोरंज पुलिस ने नशा माफिया पर नकेल कसते हुए शराब तस्करी के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 4 आरोपियों से 62 पेटियां अवैध शराब बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी ज्ञान चंद पुत्र सोहन सिंह, पंकज कुमार पुत्र ललित कुमार, प्रवीण कुमार पुत्र कृष्ण चंद ,रमन कुमार पुत्र इंदर सिंह निवासी सरकाघाट जिला मंडी से 62 पेटी अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की गई है। आरोपी बोलेरो कैंपर एचपी 28-1366 में शराब भरकर अवाहदेवी से वाया चंबोह सरकाघाट की तरफ जा रहे थे । पुलिस ने चंबोह में बुधवार शाम को नाका लगा रखा था जहां शराब से भरी जीप पकड़ी गई है । इस संदर्भ में भोरंज पुलिस प्रभारी एसएचओ कुलवंत सिंह ने बताया कि अवैध रूप से शराब ले जा रहे चार लोगों को पकड़ा गया है जो कि सरकाघाट जिला मंडी से संबंध रखते है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है व आगामी कार्रवाई की जा रही है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

टौणी देवी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बेटी जन्मोत्सव समारोह बाल विकास परियोजना हमीरपुर के सौजन्य से ग्राम पंचायत दरोगण पती कोट में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान आशा देवी ने की एवं विभागीय समन्वयक के रूप में पर्यवेक्षक एवं संरक्षण अधिकारी सिमरो शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर प्रकाश डाला एवं बेटा-बेटी एक समान का संदेश दिया। इस मौके पर सुजाता कुमारी पत्नी रवि चौहान निवासी दरोगण को जिला प्रशासन द्वारा दिए गए प्रशस्ति पत्र उपहार प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति सदस्य ऊषा देवी, वार्ड पंच सीमा देवी के अतिरिक्त सुरेशां देवी व उन्य उपस्थित थे।

निबंध प्रतियोगिता में दिव्य आदर्श के छात्र अव्वल

भोटा। दिव्य आदर्श विद्या पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोटा में टाटा बिल्डिंग इंडिया की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 5 दिसंबर 2018 को गांधी जी की शिक्षाओं पर स्कूल निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रबंधन निदेशिका सुरभि भारद्वाज व प्रधानाचार्य जोगिंद्र पाल शर्मा की अगुआई में किया गया था। जिसमें पाठशाला के छठी से बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के मोहित राणा (कक्षा आठवीं ए) विजेता रहे, अर्चिता शर्मा कक्षा आठवीं (ए) प्रथम रनर अप व आठवीं बी के रितिश चड्ढा द्वितीय रनर अप रहे। वहीं वरिष्ठ वर्ग से विशेष चौधरी कक्षा बाहरवीं विजेता, हर्ष ठाकुर कक्षा 11वीं प्रथम रनरअप, साहिल ठाकुर कक्षा 12वीं द्वितय रनर अप रहे। टाटा ग्रुप की ओर से इन छात्रों को स्वर्ण पदक, रजत पदक व कांस्य पदक के अतिरिक्त प्रमाण पत्र तथा अभ्यास पुस्तिकाएं पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गईं। पुरस्कार वितरित करते समय प्रधानाचार्य ने अन्य विद्यार्थियों को भी ऐसा उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की ओर उन्होंने यह भी बताया कि दिव्य आदर्श वास्तक में ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

ब्रीफ न्यूज

ट्रेड वेलफेयर बोर्ड निदेशक का स्वागत

बड़सर। बड़सर विधानसभा क्षेत्र युवा कर्मठ चेहरे एवं पूर्व वाइस चेयरमैन राकेश शर्मा को हिमाचल प्रदेश ट्रेड वेलफेयर बोर्ड का निदेशक बनाया गया है। राकेश शर्मा को हिमाचल प्रदेश ट्रेड वेलफेयर बोर्ड का निदेशक बनने पर भाजपा के कार्यकताओं ने बधाई दी। राकेश शर्मा का सलौनी बाजार पहुंचने पर स्थानीय व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। राकेश शर्मा ने हिमाचल प्रदेश ट्रेड वेलफेयर बोर्ड के बोर्ड ऑफ मेंबर बनाने पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकास नड्डा, हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री, युवा सांसद अनुराग ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती व प्रदेश संगठन मंत्री पवन राणा का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसे ईमानदारी से निभाएंगे।

छात्रों को कुष्ठ रोग पर दी जानकारी

बड़सर। उपमंडल के तहत आने वाले अंतर्गत ब्राइटसन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैहरे में स्वास्थ्य विभाग बड़सर के सौजन्य से कुष्ठ रोग दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें डॉक्टर मीनू शर्मा हेल्थ सुपरवाइजर, जय किशन व जीव विज्ञान प्रवक्ता कपिल देव शर्मा ने छात्र छात्राओं को कुष्ठ रोग संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस सेमिनार में स्कूल प्रबंधक आर के राणा प्रिंसिपल, अविनाश राणा, अनिता कुमारी, संतोष कुमारी, कृष्णा कुमारी, सुदर्शना कुमारी, रंजनी, अंजना कुमारी, कीर्ति राणा व प्रदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। इसके उपरांत विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया।

राज राजेश्वरी कालेज में दिया लेक्चर

भोटा। राज राजेश्वरी कॉलेज आफ एजुकेशन भोटा में हिमाचल की भौगोलिक संरचना तथा प्रमुख त्यौहार मेले, मंदिर, नदियां आदि का व्याख्यान विषय पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें एसिस्टेंट प्रोफेसर आशीष कुमार ने छात्रों को हिमाचल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि हमारी हिमाचली संस्कृति और सभ्यता पूरे देश में सबसे बेहतर है। अच्छी सभ्यता और अच्छा आचरण मनुष्य को आगे बढ़ने में सहायक होता है। इस मौके पर कालेज का पूरा स्टॉफ उपस्थित रहा।

पहलवान काला ने जीता दंगल

गलोड़। गलोड़ के अंतर्गत खास गलोड़ गांव में विशाल छिंज मेले का आयोजन किया गया। इस छिंज मेले में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों के पहलवान यहां पहुंचे और कुशतियों में अपने जौहर दिखाए। छिंज मेले में मुख्य मुकाबला जम्मू के पहलवान कुलबीर और दीनानगर के पहलवान काला के बीच हुआ। जिसमें रोचक मुकाबले में काला ने कुलबीर को चित करके खिताब पर कब्जा किया। काफी संख्या में लोग इस दंगल का आनंद लेने यहां पंहुचे।

भदरोल व भदरूं पंचायत में कलाकारों ने सरकारी योजनाओं पर किया जागरूक

बेरोजगारों को 50 लाख तक लोन

हिमाचल दस्तक। नादौन

नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक करते लोक कलाकार।

सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं बारे लोगों को जागरूक करने के लिए सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से नादौन की भदरोल व भदरूं पंचायत में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नटराज कला मंच के कलाकारों राजीव जस्सल, नरेश, मनोज, चांदनी, किरण, संजीव, विक्रम ने गीत-संगीत व नाटक के माध्यम से इन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को 50 लाख तक ऋण सुविधा सहित 25 से 30 प्रतिशत सबसिडी। हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना के तहत पात्र लोगों को 3500 रुपये मूल्य का नया गैस कनेक्शन भरे सिलेंडर सहित मुफ्त। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी जनमंच कार्यक्रम से जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत बिना किसी आय सीमा के वृद्धा पेंशन की आयु सीमा 70 वर्ष की गई है। खेत संरक्षण योजना के तहत सौर ऊर्जा बाड़ के लिए 85 प्रतिशत उपदान उपलब्ध है। देव भूमि दर्शन योजना के तहत एक लाख से कम आय वर्ग में 70 वर्ष आयु वर्ग को प्राचीन मंदिरों एवं स्थलों का भ्रमण करने के लिए 50 प्रतिशत किराए में छूट है। इस अवसर पर पंचायत प्रधान अनिता ठाकुर, प्रोमिला शर्मा, अजय, विश्वजीत, सरिता, अंजना, सीमा, रेशमा, कृष्ण, राकेश, देव राज, रजनीश, राजेंद्र, व नीलम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

मार्च तक होगा नादौन अस्पताल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

नादौन। आगामी मार्च माह तक नादौन अस्पताल के नव निर्मित भवन का लोकार्पण होने की पूरी उम्मीद है। एचआरटीसी उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री ने बताया कि इस अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूर्व धूमल सरकार के समय आरंभ हुआ था, लेकिन गत पांच वर्षों में कांग्रेस कार्यकाल के समय इस भवन का निर्माण कार्य पूरी तरह से लटका रहा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान भाजपा सरकार के सत्ता में आने के साथ ही इस कार्य में तेजी लाई गई। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व ही पिछली भाजपा सरकार के समय में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने इस भवन का शिलान्यास करवा कर करीब एक करोड़ साठ लाख रुपये के बजट का प्रावधान करवाया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में अस्पताल का पांच मंजिला भव्य भवन बन कर तैयार है। इस संबंध में बीएमओ नादौन डॉ. अशोक कौशल ने बताया कि इस भवन में तीस बैड का प्रावधान होगा। वहीं एसडीओ लोक निर्माण विभाग राज कुमार धीमान ने बताया कि मार्च माह तक इस कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

INOX WIND
INOX WIND LIMITED
CIN: L31901HP2009PLC031083
Registered Office: Plot No. 1, Khasra No. 264 to 267, Industrial Area, Village - Basal, District Una – 174 303, Himachal Pradesh, India, **Phone/Fax:** +91 1975-272001
Email: investors.iwl@inoxwind.com; **Website:** www.inoxwind.com

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, the 08th February, 2019, inter-alia, to consider, approve and take on record the Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended 31st December, 2018.

The above information is also available on the websites of the Company www.inoxwind.com, BSE www.bseindia.com and NSE www.nseindia.com.

For **Inox Wind Limited**
Sd/-
Deepak Banga
Company Secretary

Place: Noida
Date: 31st January, 2019